Seat No. : _______________

# DI-115-H

**December-2013**

## B.Com. SEM. III

## Adv. A/c. & Auditing

## Core Elective : 202 (A)

## (Corporate Accountancy)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. परम लिमि. की ता. 31-3-2013 की बैलेंस शीट निम्नानुसार है : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| 4,050, 12% प्रेफ. शेयर प्रत्येक ₹ 100 का एक | 4,05,000 | ख्याति | 1,35,000 |
| | | भूमि-भवन | 8,10,000 |
| 10,800 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का एक | 10,80,000 | यंत्र | 10,80,000 |
| | | निवेश : | |
| प्रतिभूतियाँ प्रीमियम | 1,35,000 | 10% की सरकारी प्रतिभूतियाँ (भविष्य निधि का निवेश) | 2,02,500 |
| नफा-नुकसान खाता | 3,02,500 | | |
| सामान्य (रिजर्व) अनामत | 4,45,400 | 15% मन लिमि. के ऋणपत्र (दार्शनिक मूल्य ₹ 1,35,000) | 1,21,500 |
| 10% के ऋणपत्र | 2,70,000 | | |
| कामगरों की लाभांश निधि | 54,000 | स्टॉक | 4,05,000 |
| लेनदार | 2,78,100 | देनदार | 2,43,000 |
| भविष्य निधि | 2,02,500 | रोकड़/बैंक | 1,08,000 |
| | | पूर्व प्रदत्त खर्च | 40,500 |
| | | प्राथमिक खर्चे | 27,000 |
| | **31,72,500** | | **31,72,500** |

शांति लिमि. इस कम्पनी के व्यवसाय को खरीदना चाहती है । इस हेतु निम्न जानकारी को ध्यान में लेकर ख्याति की गणना करनी है ।

(1) भूमि-भवन की वर्तमान बाजार कीमत उसकी पुस्त कीमत से दो गुनी है ।

(2) यंत्रो पर 20% ह्रास (घसारा) आवश्यक है ।

(3) स्टॉक जिसमें ₹ 54,000 की कुछ अनुपयोगी वस्तुएँ हैं, जिनकी कोई कीमत नहीं मिल सकती ।

(4) कम्पनी का पिछले तीन वर्ष का आयकर 50% की दर से लेने के पूर्व लाभ निम्नानुसार था । भारित औसत के आधार पर गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| 2010 – 2011 | 12,15,000 |
| 2011 – 2012 | 16,20,000 |
| 2012 – 2013 | 18,90,000 |

(5) कम्पनी की अपेक्षित रिटर्न की दर 10% है ।

(6) ख्याति की कीमत अधिक लाभ के साथ तीन वर्ष की खरीदी बराबर गणना में लिया जाना है ।

**अथवा**

रीमा लिमिटेड की ता. 31-3-2013 की बैलेंस शीट निम्नानुसार है :

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| ₹ 100 का एक ऐसे पूर्ण भरपाई इक्विटी शेयर | 4,00,000 | ख्याति | | 2,50,000 |
| | | मकान | | 3,75,000 |
| ₹ 10 का एक ऐसे इक्विटी शेयर, प्रति शेयर ₹ 6 भरपाई | 3,00,000 | प्लांट एवं मशीनरी | | 8,00,000 |
| | | निवेश : | | |
| 12% के प्रेफ. शेयर पूर्ण भरपाई किए गए | 3,00,000 | (i) 10% की सरकारी प्रतिभूतियाँ (दार्शनिक कीमत ₹ 1,50,000) | | 1,44,000 |
| सामान्य अनामत | 1,50,000 | | | |
| नफा-नुकसान खाता | 2,50,000 | (ii) गौण कम्पनी के शेयर में निवेश | | 1,40,000 |
| 14% ऋणपत्र | 3,50,000 | देनदार | 1,80,000 | |
| लेनदार | 2,00,000 | – अशोध्य ऋण रिजर्व | 9,000 | 1,71,000 |
| देय बिल्स | 50,000 | स्टॉक | | 1,25,000 |
| कर्मचारी दुर्घटना मुआवजा निधि | 50,000 | प्राप्य बिल्स | | 23,000 |
| | | रोकड़/बैंक | | 15,000 |
| | | ऋणपत्र बट्टा | | 7,000 |
| | **20,50,000** | | | **20,50,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) मकान की बाजार कीमत ₹ 6,00,000 है तथा प्लांट एवं मशीनरी की बाजार कीमत इसकी पुस्त-कीमत से 20% कम है ।

(2) स्टॉक मूल्य ₹ 25,000 कम किया जाना है ।

(3) निवेशित पूँजी पर सामान्य अपेक्षित रिटर्न की दर 12% है ।

(4) 50% के हिसाब से आयकर घटाने के पश्चात कम्पनी का विगत तीन वर्षों का औसत वार्षिक लाभ ₹ 1,95,000 है ।

कम्पनी के अधिक लाभ को तीन वर्षों की खरीद के आधार पर इसकी ख्याति की कीमत निकालिए ।

2. (A) शेयर-मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले परिबलों की व्याख्या कीजिए । **7**

**अथवा**

इक्विटी शेयर की आंतरिक कीमत, बाजार कीमत तथा वाजबी कीमत की धारणा सूत्र की मदद से समझाइए ।

(B) गायत्री लिमिटेड की 31-3-2013 की बैलेंस शीट निम्नानुसार है : **7**

| **देनदारियाँ** | **₹** | **परिसम्पत्तियाँ** | **₹** |
|---|---|---|---|
| ₹ 100 का एक ऐसे 5600 इक्विटी शेयर पूर्ण भरपाई | 5,60,000 | ख्याति | 70,000 |
| | | भूमि-भवन | 3,50,000 |
| नफा-नुकसान खाता | 42,000 | प्लांट एवं मशीनरी | 2,80,000 |
| 5% के ऋणपत्र | 1,40,000 | चालू मिलकतें | 1,40,000 |
| लेनदार | 84,000 | ऋणपत्र-बट्टा | 7,000 |
| भविष्य निधि | 14,000 | | |
| कर्मचारी लाभांश निधि | 7,000 | | |
| | **8,47,000** | | **8,47,000** |

नीचे लिखी अतिरिक्त जानकारी पर ध्यान देते हुए कम्पनी के शेयरों की आंतरिक कीमत तथा बाजार कीमत ज्ञात कीजिए ।

(1) कम्पनी का विगत तीन वर्षों का कुल शुद्ध लाभ ₹ 3,36,000, इसी तरह के व्यवसाय में अपेक्षित प्रतिफल की दर 10% मानी जाती है ।

(2) ख्याति की कीमत ₹ 1,13,400 गणना में लेनी है ।

(3) जमीन तथा मकान की कीमत ₹ 3,78,000 लिया जाना है ।

(4) अन्य मिल्कतों की कीमत पुस्तक में दर्शाए अनुसार गणना में लेना है ।

**अथवा**

(B) एक कम्पनी की 31-3-2013 की बैलेंस शीट निम्नानुसार है :

| **पूँजी-देनदारी** | **₹** | **मिलकत-लेनदारी** | **₹** |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी : | | मकान | 6,00,000 |
| A – ₹ 100 का एक ऐसे ₹ 60 भरपाई 6,000 शेयर | 3,60,000 | यंत्र | 5,25,000 |
| | | देनदार | 4,80,000 |
| B – ₹ 10 का एक ऐसे पूर्ण भरपाई 30,000 शेयर | 3,00,000 | स्टॉक | 75,000 |
| | | रोकड़ सिलक | 15,000 |
| 12% प्रेफ. शेयर | 3,00,000 | शेयरों पर बट्टा | 15,000 |
| सामान्य रिजर्व | 1,20,000 | | |
| घसारा निधि : | | | |
| मकान 45,000 | | | |
| यंत्र 75,000 | 1,20,000 | | |
| चालू देनदारी | 5,10,000 | | |
| | **17,10,000** | | **17,10,000** |

कम्पनी की ख्याति ₹ 2,40,000 निश्चित हुई है । मकान की बाजार कीमत ₹ 7,50,000 है । यंत्रों की बाजार कीमत उसकी पुस्त-कीमत से 20% कम है ।

दोनों प्रकार के इक्विटी शेयरों की आंतरिक कीमत ज्ञात कीजिए ।

3. (A) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **7**

(1) बैंक में विधि-सम्मत रिजर्व (अनामत) निधि

(2) बट्टाकृत बिलों पर छूट (रिबेट)

**अथवा**

नीचे दी जा रही जानकारी के आधार पर आस्था बैंक लिमि. का 31-3-2013 का पूर्ण हो रहे वर्ष का फार्म-B में नफा-नुकसान खाता तैयार कीजिए :

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| अर्जित ब्याज | 32,00,000 |
| संचालन खर्च | 10,40,000 |
| अन्य आय | 3,20,000 |
| डिपाजिट | 8,00,000 |
| खर्च किया ब्याज | 12,80,000 |
| प्रावधान तथा आकस्मिकताएँ | 2,40,000 |
| विगत वर्ष का नफा-नुकसान खाता का जमा शेष | 6,40,000 |

नियमानुसार कम से कम जरूरी रकम कानूनी/विधिक रिजर्व खाते में ले जाना है ।

(B) श्री विनोदभाई सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एक ग्राहक है । ता. 31-3-2013 के रोज उनके नामे ऋण खाते में ₹ 3,60,000 तथा अधिविकर्ष (ओवर ड्राफ्ट) खाते में ₹ 1,80,000 बकाया है । जिनको क्रमश: स्टॉक (प्रतिभूतियाँ) तथा शेयरों के विरूद्ध स्वीकृत किया गया है । श्री विनोदभाई की वित्तीय स्थिति शंकास्पद है । ता. 31-3-2013 को पूर्ण होते वर्ष के लिए वार्षिक ब्याज 12% की दर से गणना की गई है । **7**

ता. 2-4-2013 को बैंक ने स्टॉक प्रतिभूतियों तथा शेयरों में से ₹ 1,20,960 वसूल कर लिए । जबकि बाकी रही राशि के लिए एक ₹ पर 50 पैसे स्वीकारते हुए खाता बंद कर दिया ।

बैंक की लेखा बही पर निम्न खाते तैयार कीजिए :

(1) श्री विनोदभाई का खाता (2) ब्याज उपलक/उचंती खाता

**अथवा**

(B) प्रगति बैंक लिमिटेड का ता. 31-3-2013 की ट्रायल बैलेंस में से निम्न बाकियों को लिया गया है :

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| खरीदी गई तथा बट्टाकृत हूँडियाँ (बिल्स) | 11,10,000 |
| बट्टाकृत हूँडियों पर छूट (ता. 1-4-2012) | 18,500 |
| प्राप्त ब्याज और बट्टा | 1,85,000 |

बट्टाकृत हूँहियों का विश्लेषण करने पर निम्न जानकारी मिलती है :

| हूँडियों की आहरण ता. | हूँडियों की अवधि | (₹) | बट्टा दर % |
|---|---|---|---|
| 22-01-2013 | 3 माह | 2,70,100 | 10% |
| 07-02-2013 | 3 माह | 5,40,200 | 9% |
| 09-02-2013 | 4 माह | 2,99,700 | 8% |

बट्टाकृत हूँडियों का बट्टा प्राप्ति खाता तथा ब्याज बट्टा खाता तैयार कीजिए तथा नफा-नुकसान खाते में ली जाने वाली रकम दर्शाइए ।

4. आशा लिमिटेड ता. 31-3-2013 को स्वैच्छिक विलीनीकरण में गई । इस ता. को कम्पनी की बैलेंस शीट निम्नानुसार थी : **14**

| **देनदारियाँ** | **₹** | **मिलकतें** | **₹** |
|---|---|---|---|
| शेयर पूंजी : | | ख्याति | 5,10,000 |
| 3,06,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10 का एक, ₹ 7.50 भरपाई | 22,95,000 | भूमि-भवन | 18,36,000 |
| | | यंत्र | 20,40,000 |
| 2,04,000 इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10 का, ₹ 5 प्रति शेयर भरपाई | 10,20,000 | निवेश | 8,16,000 |
| | | स्टॉक | 7,65,000 |
| 20,400 10% के प्रेफ. शेयर, प्रत्येक ₹ 100 का पूर्ण भरपाई | 20,40,000 | देनदार | 8,97,600 |
| | | रोकड़ व बैंक | 1,22,400 |
| 7% के ऋणपत्र | 7,65,000 | नफा-नुकसान खाता | 9,71,550 |
| ऋणपत्रों का बकाया ब्याज | 53,550 | | |
| निवेश के विरूद्ध (प्रतिभूतियों पर) ली गई ऋण राशि | 6,12,000 | | |
| बैंक अधिविकर्ष (स्टॉक पर ली गई) | 6,32,400 | | |
| छूट-पुट लेनदार | 4,50,840 | | |
| भविष्य निधि | 89,760 | | |
| | **79,58,550** | | **79,58,550** |

मिलकतों से निम्नानुसार रकम प्राप्त हुई :

| | ₹ |
|---|---|
| जमीन-मकान | 14,28,000 |
| यंत्र | 12,64,800 |
| स्टॉक | 6,01,800 |
| देनदार | 6,34,440 |

गिरवी ऋणों के लेनदारो ने निवेशों को ₹ 7,65,000 में बेचा तथा अधिक मिली रकम लिक्वीडेटर को वापस की ।

छूट-पुट लेनदारों में निम्न रकमों का समावेश :

(1) अदत्त बिजली खर्च ₹ 21,250.

(2) चार क्लर्कों का प्रत्येक को ₹ 2,040 प्रतिमाह से विगत चार माह का अदत्त वेतन

(3) अवकाश दिनों का मेहनताना ₹ 8,160

(4) अदत्त म्यूनिसिपल कर :

2011 – 12 ₹ 6,800

2012 – 13 ₹ 10,200

ऋणपत्रधारकों को ता. 31 जुलाई 2013 को रकम चुकायी ।

लिक्वीडेटर को उसे मिलकतों से प्राप्त रकम पर 1% तथा प्रायिकता वाले लेनदारों सहित असुरक्षित लेनदारों को चुकाए गए रकम पर 2% का मेहनताना चुकाना है ।

विसर्जन का खर्च ₹ 53,326 हुआ ।

लिक्वीडेटर का आवक-जावक का अंतिम पत्रक तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(A) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **7**

(1) प्रायिकता वाले लेनदार

(2) पूर्ण सलामत लेनदार

(B) एक कम्पनी का विसर्जन हुआ तब असुरक्षित देनदारियाँ ₹ 1,25,000 रही । इसके पश्चात नीचे की देनदारियाँ भी देयपात्र थी : **7**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | विगत वित्तीय वर्ष का म्युनिसिपल टैक्स | 2,500 |
| (2) | दो वर्ष पूर्व का विक्रय कर | 5,000 |
| (3) | डायरेक्टर का शुल्क बकाया | 3,750 |
| (4) | छोड़े गए कामगरों के अवकाश का अंतिम तीन वर्ष का वेतन | 7,500 |
| (5) | कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत विगत दो वर्षों की देय रकम (गत वर्ष की ₹ 2,500 + विगत के पूर्व वर्ष का ₹ 1,500) | 4,000 |
| (6) | दो क्लर्कों का अंतिम तीन माह का वेतन | 50,000 |

उपरोक्त विवरण के आधार पर (अ) प्रायिकता की देनदारी तथा (ब) असुरक्षित देनदारी मालूम कीजिए ।

5. नीचे दिए गए उप-प्रश्नों के 1 से अधिक विकल्प उत्तर दिए गए है । उनमें से सही विकल्प पसंद कर लिखिए । साथ ही आपकी गणनाएँ भी दर्शाएँ : **14**

(1) निम्न जानकारी के आधार पर लाभ के पूँजीकरण की विधि से ख्याति की कीमत ज्ञात कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | व्यवसाय का औसत वार्षिक लाभ | 38,400 |
| (ii) | व्यवसाय की कुल मिलकतें | 11,20,000 |
| (iii) | व्यवसाय की कुल देनदारियाँ | 6,40,000 |
| (iv) | अपेक्षित प्रतिफल दर | 6% |

(A) ₹ 1,60,000 (B) ₹ 2,88,000

(C) ₹ 6,40,000 (D) ₹ 1,05,600

(2) जब लाभ में घट-बढ होती हो, तो ख्याति का मूल्यांकन करने के समय कौन सा लाभ ध्यान में लिया जाता है ?

(A) पूँजीकृत लाभ (B) भारित औसत लाभ

(C) सामान्य औसत लाभ (D) अधिक लाभ

(3) व्यवसाय में जोखिम की संभावना अधिक मात्रा में होने पर ख्याति

(A) सामान्य होती है । (B) कम होती है ।

(C) अधिक होती है । (D) शून्य होती है ।

(4) इक्विटी शेयर की मूल कीमत ₹ 100 हो, आंतरिक कीमत ₹ 236 हो, बाजार कीमत ₹ 240 हो तथा अपेक्षित कीमत ₹ 250 हो, तब इक्विटी शेयर की सही कीमत ________ होगी ।

(A) ₹ 238 (B) ₹ 218

(C) ₹ 175 (D) ₹ 170

(5) शुद्ध मिलकतों की गणना में उसकी ________ ही ध्यान में लेनी चाहिए ।

(A) पुस्त-कीमत (B) यथाप्राप्य कीमत

(C) मूल कीमत (D) लागत कीमत

(6) यदि किसी कम्पनी के इक्विटी शेयर की वाजिब कीमत ₹ 450 हो और बाजार कीमत ₹ 420 हो, तो उसकी आंतरिक कीमत ________ होगी ।

(A) ₹ 435 (B) ₹ 480

(C) ₹ 660 (D) ₹ 645

(7) बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट के अनुसार प्रति वर्ष बैंक को अपने लाभ में से _________ जितनी रकम रिजर्व फंड खाते में ले जाना चाहिए ।

(A) 10% (B) 20%

(C) 25% (D) 5%

(8) जनहितार्थ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित विशेष ऑडिट से संबंधित खर्च का वहन कौन करता है ?

(A) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (B) बैंकिंग कम्पनी स्वयं

(C) भारत सरकार (D) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

(9) बट्टाकृत-हूँडियों के बट्टे की आरंभिक बाकियाँ

(A) जमा बाकी होती है । (B) उधार बाकी होती है ।

(C) जमा या उधार कोई भी बाकी हो सकती है । (D) उपरोक्त तीन में से एक भी नहीं ।

(10) जब कोई कम्पनी स्वैच्छिक विसर्जन करने संबंधित विशेष प्रस्ताव पारित करती है । स्वैच्छिक विसर्जन के इस निर्णय के बाद प्रस्ताव पारित होने के कितने दिनों में नोटिस जारी करनी चाहिए ?

(A) 5 दिन (B) 10 दिन

(C) 14 दिन (D) 30 दिन

(11) निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(A) लिक्वीडेटर का हिसाबी पत्रक मात्र एक रोकड़ खाता है ।

(B) लिक्वीडेटर का हिसाबी पत्रक मात्र एक खाताबही (लेजर) है ।

(C) लिक्वीडेटर का हिसाबी पत्रक मात्र एक रोजमेल है ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(12) ऋण-पत्रधारकों को चुकता किये जाने के पश्चात लिक्वीडेटर के पास ₹ 1,26,990 रोकड़ सिलक है । असुरक्षित लेनदारों को चुकाई जाने वाली रकम पर उसे 2% मेहनताना दिया जाना है । असुरक्षित लेनदारों को मिलने योग्य रकम कितनी है ?

(A) ₹ 1,24,500 (B) ₹ 1,26,000

(C) ₹ 2,490 (D) ₹ 1,24,450.20

(13) लिक्वीडेटर को कम्पनी के एवज में मिली रकम ₹ 500 से अधिक हो तो वह _______ से अधिक समय तक नहीं रख सकता है ।

(A) 100 दिनों (B) 10 दिनों

(C) 5 दिनों (D) 30 दिनों

(14) कम्पनी के विसर्जन के लिए निम्न में से कौन आवेदन नहीं कर सकता है ?

(A) स्वयं कम्पनी (B) लेनदार

(C) हिस्सेदार (D) देनदार